www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

राष्ट्रपति मुर्मू का राष्ट्र के नाम संबोधन

# विश्व में ऊंचा हुआ भारत का कद : द्रौपदी मुर्मू

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच 8 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर हासिल करके, भारत सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थ-व्यवस्थाओं में शामिल है। इससे न केवल देशवासियों के हाथों में अधिक पैसा आया है, बल्कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में भी भारी कमी आई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार, 15 अगस्त को 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सभी देशवासी 78वें स्वतन्त्रता दिवस का उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं, यह देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लहराते हुए तिरंगे को देखना - चाहे वह लाल किले पर हो, राज्यों की राजधानियों में हो या हमारे आस-पास हो - हमारे हृदय को उत्साह से भर देता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने परिवार के साथ विभिन्न त्योहार मनाते हैं, उसी तरह हम अपने स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को भी अपने उस परिवार के साथ मनाते हैं जिसके सदस्य हमारे सभी देशवासी हैं। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि समावेशन के साधन के रूप में सकारात्मक कार्रवाई को मजबूत किया जाना चाहिए। मुर्मू ने हम उस परंपरा का हिस्सा हैं जो स्वाधीनता सेनानियों के सपनों और उन भावी पीढ़ियों की आकांक्षाओं को एक कड़ी में पिरोती है जो आने वाले वर्षों में हमारे राष्ट्र को अपना सम्पूर्ण गौरव पुनः प्राप्त करते हुए देखेंगी। उन्होंने कहा कि हमने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। अगले वर्ष उनकी 150वीं जयंती का उत्सव राष्ट्रीय पुनर्जागरण में उनके योगदान को और अधिक गहराई से सम्मान देने का अवसर होगा।

**सूचना :**

सभी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा। *-सम्पादक*




मुख्यमंत्री का जैसलमेर दौरा : 50 राजकीय महाविद्यालयों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा युवाओं के विकास की आधारशिला बेहतरीन एवं सुगम शिक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम ही नहीं है बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। युवावर्ग को सही दिशा देकर ही किसी भी राष्ट्र और समाज का सर्वांगीण विकास संभव है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उस युवा के विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसान, महिला, गरीब एवं युवा वर्ग के हित में अनेक निर्णय लिए हैं जिससे आपणो अग्रणी राजस्थान की संकल्पना तेजी से साकार हो रही है। शर्मा बुधवार को जैसलमेर के फतेहगढ़ में 50 राजकीय महाविद्यालयों के नवनिर्मित भवनों एवं 9 महाविद्यालयों में नवनिर्मित कक्षा-कक्षों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि आजादी का यह पर्व हमें न केवल स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य व बलिदान की याद दिलाता है बल्कि यह हमें राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यबोध का भी अहसास कराता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष के बल पर ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि जिस देश की आजादी के लिए हमारे जवानों ने प्राण न्यौछावर कर दिए उस राष्ट्र की अखण्डता व उन्नति में हम अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं, यही हमारी अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

## लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम गौरव का पहला सफल फ्लाइट टेस्ट

**1000 किलोग्राम वजन, 100 किमी रेंज, सुखोई जेट से लॉन्च किया**

भुवनेश्वर।



भारत ने मंगलवार को ओडिशा के तट से लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम का पहला सफल परीक्षण किया। इस बम को वायुसेना के सुखोई एमके-1 फाइटर जेट से लॉन्च किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि फ्लाइट टेस्ट के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर आइलैंड पर बनाए गए टारगेट को सटीक हिट किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गौरव हवा में लॉन्च किया जाने वाला 1000 किलोग्राम का ग्लाइड बम है, जो लंबी दूरी के टारगेट को हिट करने में सक्षम है। लॉन्चिंग के बाद यह ग्लाइड बम बेहद सटीक हाइब्रिड नैविगेशन स्कीम की मदद से टारगेट की तरफ बढ़ता है। टेस्ट लॉन्च का पूरा फ्लाइट डेटा टेलिमेट्री एंड इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम ने कैप्चर किया। इस सिस्टम को इंटीग्रेटिड टेस्ट रेंज ने पूरे तट पर डिप्लॉय किया था।















सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# चिकित्सा मंत्री ने किया राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन का शुभारम्भ मौसमी बीमारियों के प्रबंधन के लिए स्टेट वार रूम होगा गठित

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में चिकित्सा तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए तकनीक का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित कर रही है। इस दिशा में चिकित्सा विभाग ने बजट घोषणा के अनुरूप प्रदेश में आज से राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन का शुभारम्भ किया है। इससे चिकित्सा तंत्र ऑनलाइन होगा और रोगियों के लिए उपचार लेना अधिक सुगम होगा। चिकित्सा मंत्री ने इस दौरान अधिक बारिश से उत्पन्न स्थितियों एवं मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। चिकित्सा मंत्री बुधवार को स्वास्थ्य भवन में राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन का शुभारम्भ एवं मौसमी बीमारियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मिशन के शुभारम्भ अवसर पर अतिरिक्त मिशन निदेशक श्री अरूण गर्ग, सुरक्षा गार्ड श्री प्रेम सिंह एवं सफाई कर्मी श्री राकेश कुमार को आभा आईडी कार्ड प्रदान किए। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में बारिश का दौर चल रहा है। कई स्थानों पर अधिक बारिश होने से जलभराव आदि की समस्याएं भी उत्पन्न हुई हैं। साथ ही, इससे मौसमी बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा है। इसे देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। श्री खींवसर ने कहा कि मौसमी बीमारियों एवं बारिश से उत्पन्न स्थितियों की नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए राज्य स्तर पर वार रूम की स्थापना की जाए। यह वार रूम मौसमी बीमारियों के प्रसार को नियंत्रित करने, दवा, जांच एवं उपचार आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही आपात स्थितियों के लिए आवश्यक तैयारी रखे। उन्होंने राज्य एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्षों को भी और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संभाग एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद करते हुए मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी ली और सजगता के साथ आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**तकनीकी रूप से मजबूत होगा चिकित्सा तंत्र :** चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और बेहतर सर्विस डिलीवरी के लिए आज राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन की शुरूआत की गई है। इसके तहत आभा आईडी बनाने, हैल्थ केयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री, हैल्थ केयर फेसिलिटी रजिस्ट्री, आईएचएमएस, एआई डैशबोर्ड, टेलीकंसलटेशन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इससे चिकित्सा तंत्र तकनीकी रूप से तो मजबूत होगा ही, साथ ही आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं लेने में भी आसानी होगी।




## सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाईजर, सुरक्षा अधिकारी भर्ती चयन परीक्षा कार्यक्रम

# ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेराजगार युवाओ का किया जायेगा चयन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व भारत सरकार प्रसार एक्ट 2005 के तहत सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाईजर, सुरक्षा अधिकारी, भर्ती चयन परीक्षा कार्यकम जिला चितौडगढ मे तहसील स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेराजगार युवाओ को चयन किया जायेगा। कमांडेंट महिपाल सिंह ने बताया कि 16 अगस्त, को रा.उ.मा.वि. बडीसादडी मे, 17 अगस्त को रा.उ.मा.वि गंगरार मे, 20 अगस्त को रा.उ.मा.वि कपासन में, 21 अगस्त, को रा.उ.मा.वि निम्बाहेडा, 22 अगस्त, को रा.उ.मा.वि राशमी, 23 अगस्त को रा.उ.मा.वि भोपालसागर, 24 अगस्त को रा.उ.मा.वि बैंगु, 25 अगस्त को रा.उ.मा.वि डुंगला, 26 अगस्त को रा.उ.मा.वि भदेसर, 27 अगस्त को रा.उ.मा.वि मैजर नटवर सिंह शक्तावत चितौडगढ मे तथा 29 अगस्त, 2024 को रा.उ.मा.वि चितौडगढ मे समस्त राजस्थान के विद्यार्थियो की भर्ती की जायेगी। जिसका समय प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक है। आवेदन 10 वी पास, लम्बाई 168 से.मी., आयु 19 से 40 साल, वनज 56 से 90 किलो, सीना 80-85 से.मी, फिजिकल फिट, शारिरिक फीट अभियार्थियो का रजिस्ट्रेशन भर्ती स्थल पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सैनिक 535 पद, सुरक्षा सुपरवाईजर 25 पद, सुरक्षा अधिकारी 15 पद है। एक माह के प्रशिक्षण के बाद राममंदिर, दिल्ली लाल किला, एमस जौधपुर, एमस पाली, अजमेर, उदयपुर, जयपुर, जौधपुर, अजमेर, मारुती सुजुकी, भारत सरकार के ऐतिहासिक स्मारको दिल्ली, लालकिला, कुतुब मीनार, आगरा का लाल किला, विश्व का बुलन्द दरवाजा फतेहपुर सिकरी, भरतपुर का जलमहत, चितौडगढ का किला, कुम्भलगढ का किला, जै.के सीमेन्ट, लार्फाज सीमेन्ट, आई.एम कॉलेज, आई.आई.टी रुणकी, कानपुर, जौधपुर, गांधीनगर गुजरात हवाई अडडा, बल्दरखा, हिन्दुसतान जिंक, वैदान्ता ग्रुप, अमेरिकन एक्सप्रेस, प्रतिश्ठान, उद्योग, संस्थानो मे मल्टी नेशनल क्षेत्रो मे स्थाई रोजगार दिया जायेगा। इच्छुक अभियार्थी अपने मुल दस्तावेज लेकर अपने निर्धारित स्थान पर समय पर पहुंच कर भाग ले सकते है।







सदा ही लहराता रहे ये तिरंगा हमारा
सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा...
सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 INDIA INDEPENDENCE DAY
सुरेंद्र यादव
निदेशक एसीएल शिक्षण संस्थान, बहरोड़


Rajdhani Battery
LUMINOUS Inverter • UPS • Battery
EXIDE INDUSTRIES LIMITED
राजधानी बैट्री एण्ड इन्वर्टर
Deals in:
All Vehicle Battery, inventor & Inverter Batteries & SMF Batteries
Mohd. Islam 9314625427
Mohd. Nasir 9982625427
Email: rajdhanibattery@gmail.com
Tonk Road, Near Gow Shala, Sanganer, Jaipur


स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
पन्नाधाय कॉलेज
DMLT
DOTT
DRT
DECG
छात्रवृत्ति 100%
B.A.
B.Sc.
M.A.
Spl. B.Ed. (HI/MR/IDD)
(Two Years)
शीतल होटल के पास, NH-52, टोंक
मो. 9667333319, 9214973536
7413017862, 63,62,66
चन्द्रवीर सिंह चौहान
निदेशकः पन्नाधाय कॉलेज, टोंक


ब्यावर जिला पत्रकार संघ
78वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
घनश्याम वर्मा संरक्षक
प्रमोद वाजपेयी संरक्षक
रामप्रसाद कुमावत संरक्षक
सिद्धार्थ जैन संरक्षक
प्रेमदत्त मिश्रा संरक्षक
विजेन्द्र प्रजापति (जौली) संरक्षक
डॉ. भवानी सिंह शेखावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष
ईशान कुमावत उपाध्यक्ष
आनन्द सोनी महासचिव
अनिल खींची कोषाध्यक्ष
हेमेन्द्र सोनी कोषाध्यक्ष
कमल साहू सचिव
विष्णुदत्त धीमान् जिलाध्यक्ष
अनिल सिखवाल सचिव
प्रकाश भाट संगठन मंत्री
अशोक माली संगठन मंत्री
अमित जैन (गोधा) संगठन मंत्री
नरेश शर्मा प्रचार मंत्री
श्याम लाल सैनी अध्यक्ष, बर-रायपुर ब्लॉक
बलवीर जलवानिया कोषाध्यक्ष
विनोद विश्वकर्मा अध्यक्ष, बिजयनगर तहसील

## सम्पादकीय

### सेबी में व्यवस्थागत कमियां, भरोसा मजबूत करने के लिए सुधार की जरूरत

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने बीते कुछ दिनों में अदाणी समूह से जुड़े मामले में नए आरोप लगाए हैं। इस बार उसके निशाने पर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा उसकी चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच हैं। हिंडनबर्ग ने अदाणी मामले की जांच में सेबी की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं और आरोप लगाया है कि बुच और उनके पति धवल बुच ने एक ऐसे फंड में निवेश किया है जिसका इस्तेमाल अदाणी के शेयरों में पैसा लगाने में किया गया। उसने यह आरोप भी लगाया है कि नियामक अचल संपत्ति से जुड़े निवेश ट्रस्टों को बढ़ावा दे रहा है क्योंकि धवल का जुड़ाव एक ऐसी बड़ी निजी इक्विटी फर्म से है जो देश के अचल संपत्ति बाजार में मजबूत उपस्थिति रखती है। यह आरोप भी लगाया गया कि सेबी चेयरपर्सन एक सलाहकार फर्म की मालकिन हैं। आरोपों के मूल में हितों के टकराव की बात है। सेबी और बुच दंपती ने अलग-अलग वक्तव्य जारी किए और हिंडनबर्ग के सवालों के जवाब दिए हैं। मामले में शामिल पक्षों और जो कुछ दांव पर लगा है उसे देखते हुए शायद वे हर किसी को संतुष्ट नहीं कर पाएं। उदाहरण के लिए विपक्षी दलों ने पूरे मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की मांग पर नए सिरे से जोर दिया है। मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एक नई याचिका दायर की गई है। यह ध्यान देने लायक है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई की थी और इस वर्ष जनवरी में ही उसने इस आरोप को खारिज कर दिया था कि सेबी मामले की जांच के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा। उसने यह भी कहा था कि नियामक ने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली थी। सेबी ने अपनी ताजा प्रतिक्रिया में कहा है कि मार्च में एक और क्षेत्र में जांच पूरी कर ली गई है तथा शेष एक मामले की जांच पूरी होने को है। इस मामले के समाप्त होने में जहां समय है, वहीं हिंडनबर्ग मामला कम से कम दो प्रमुख व्यवस्थागत मुद्दे सामने लाया है जिन पर बहस करना तथा जिन्हें हल करना आवश्यक है। पहला, अन्य आरोपों के बीच सबसे बड़ा आरोप यह था कि ऑफशोर फंडों की मदद से शेयर कीमतों में छेड़छाड़ की गई तथा सार्वजनिक शेयर धारिता के मानकों का उल्लंघन किया गया। अब तक नियामक ने स्पष्ट नहीं किया है कि ऐसा है या नहीं। दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजारों में से एक के नियामक की ओर से यह एक गंभीर कमी नजर आती है। बहरहाल, उसने विदेशी फंडों के लिए प्रकटीकरण के मानक सख्त कर दिए हैं जिनके तहत एक खास सीमा को पार करने वाले फंडों को आर्थिक लाभार्थियों के नामों तथा फंड के स्वामित्व की जानकारी देनी होगी। अगर नियामक तथ्यों के साथ इन आरोपों को खारिज कर पाता तो बाजार को एक कड़ा संदेश जाता। दूसरा मसला चेयरपर्सन तथा निर्णय प्रक्रिया से जुड़े अन्य अहम लोगों से संबंधित है। सेबी ने कहा है कि प्रकटीकरण को लेकर उसके पास एक ठोस व्यवस्था है। अहम लोगों के लिए प्रकटीकरण मानकों को मजबूत बनाने तथा भविष्य में किसी अटकल को समाप्त करने के लिए नियामक को ऐसे लोगों के वित्तीय हितों को सार्वजनिक करने की आवश्यकता है।

# देश की आजादी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की क्या थी भूमिका?

**इतिहास के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन अक्सर इस भूमिका को अनदेखा कर दिया गया। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित इस संगठन का उद्देश्य हिंदुओं को एकजुट करना और उन्हें देश की स्वतंत्रता के लिए तैयार करना था। ₹ ांतिकारी संगठन अनुशीलन समिति में अपनी भागीदारी से गहराई से प्रभावित डॉ. हेडगेवार इस उद्देश्य के लिए समर्पित थे। उन्होंने कोलकाता में ₹ ांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया, जहाँ उन्होंने चिकित्सा का अध्ययन किया और ब्रिटिश विरोधी कार्यों के लिए 1921 और 1931 में दो बार जेल गए।**

अशोक भाटिया



देश को स्वतंत्र हुए 77 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और देश आज 15 अगस्त 2024 को अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। देश जगह जगह तिरंगा फहराया जा रहा है । इस संदर्भ में स्वतंत्रता संग्राम का लेखा-जोखा स्वाभाविक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी शताब्दी की दहलीज पर है। ऐसे में यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है कि स्वतंत्रता संग्राम में संघ का क्या योगदान है? खास कर संघ विरोधी नेता सवाल उठा देते है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था ।देश की आजादी में योगदान को लेकर उठते सवालों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आलोचकों को जवाब देते भी रहते है। राष्ट्रिय स्वयं संघ ने कुछ वर्ष पूर्व एक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डाक्यूमेंट्री जारी कर देश की आजादी के लिए चले सभी बड़े आंदोलनों में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और स्वयंसेवकों के योगदान का जिक्र किया था । संघ का कहना है कि आजादी के आंदोलन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह अलग बात है कि स्थापना के बाद से संगठन को कभी श्रेय लेने की आदत नहीं रही। लेकिन, समाज में सुनियोजित साजिश के तहत संघ को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां फैलाई जाती हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक मुख्य उद्देश्य भारत के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करना था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का समर्पण स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और कई लोगों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। 1929 में, जब कांग्रेस ने अपने लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज(पूर्ण स्वतंत्रता) की घोषणा की, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी सभी शाखाओं में इसका जश्न मनाया। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक सक्रिय रूप से शामिल थे। उनका नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे नेता एमएस गोलवलकर ने किया था। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में, रमाकांत देशपांडे के नेतृत्व में चिमूर में स्वयंसेवकों ने एक जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू किया जो हिंसक हो गया। परिणामस्वरूप, कुछ ब्रिटिश अधिकारियों की जान चली गई। यह घटना, जिसे 'चिमूर आष्टी प्रकरण' के रूप में जाना जाता है, आंदोलन के इतिहास में एक उल्लेखनीय अध्याय है। एक और वीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति सिंध के सक्खर से हेमू कलानी थे, जिन्होंने रेलवे फिशप्लेट्स को हटाकर ब्रिटिश सेना के आंदोलन को पटरी से उतारने का प्रयास किया था। उन्हें अपने कार्यों के लिए 1943 में सेना अदालत द्वारा मौत की सजा भी सुनाई गई थी। सोलापुर के कांग्रेस कमेटी के सदस्य गणेश बापूजी शिंकर ने 1948 में संघ पर प्रतिबंध हटाने के लिए दबाव बनाने हेतु सत्याग्रह में भाग लिया था ( महात्मा गांधी की हत्या के बाद नेहरू सरकार ने गलत तरीके से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में प्रतिबंध हटाना पड़ा था )। सत्याग्रह में शामिल होने से पहले उन्होंने लोकतांत्रिक नैतिकता के आधार पर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपना रुख स्पष्ट करते हुए एक बयान जारी किया और यह 12 दिसंबर, 1948 को प्रकाशित हुआ। वे कहते हैं, मैंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था। उस समय पूंजीवादी और कृषक समुदाय सरकार से डरे हुए थे। इसलिए, हमें उनके घरों में सुरक्षित आश्रय नहीं दिया गया। हमें भूमिगत काम करने के लिए संघ (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) कार्यकर्ताओं के घरों में रहना पड़ा। संघ के लोग हमारे भूमिगत काम में खुशी-खुशी हमारी मदद करते थे। वे हमारी सभी जरूरतों का भी ख्याल रखते थे। इतना ही नहीं, अगर हममें से कोई बीमार पड़ जाता था, तो संघ के स्वयंसेवक डॉक्टर हमारा इलाज करते थे। संघ के स्वयंसेवक, जो वकील थे, निडरता से हमारे मुकदमे लड़ते थे। उनकी देशभक्ति और मूल्य आधारित जीवनशैली निर्विवाद थी।दिल्ली के संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दिल्ली इकाई के प्रमुख) लाला हंसराज के घर का इस्तेमाल प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अरुणा आसफ अली ने भूमिगत रहने के लिए किया था। अगस्त 1967 में हिंदी दैनिक हिंदुस्तान में प्रकाशित एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया, मैं 1942 के आंदोलन में भूमिगत थी; दिल्ली के संघचालक लाला हंसराज ने मुझे 10-15 दिनों के लिए अपने घर में शरण दी और मेरी पूरी सुरक्षा का प्रबंध किया। उन्होंने इस बात का ध्यान रखा कि किसी को भी मेरे उनके घर पर रहने की खबर न मिले। प्रसिद्ध वैदिक विद्वान पंडित श्रीपाद दामोदर सातवलेकर औंध (महाराष्ट्र) के संघचालक थे। उन्होंने क्रांतिकारी भूमिगत नेता नाना पाटिल के ठहरने की व्यवस्था अपने घर पर की थी। पाटिल को 'पात्री सरकार' के नए विचार के साथ प्रयोग करने के लिए जाना जाता है। पाटिल के सहयोगी किसनवीर अंग्रेजों के खिलाफ भूमिगत अभियान चलाते समय सतारा (महाराष्ट्र) के संघचालक के घर पर रुके थे। प्रसिद्ध समाजवादी नेता अच्युतराव पटवर्धन अंग्रेजों के खिलाफ भूमिगत आंदोलन के दौरान कई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयंसेवकों के घरों पर रुके थे। संघ के स्वयंसेवकों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए भारत छोड़ो आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई। विदर्भ के अष्टी चिमूर क्षेत्र में समानान्तर सरकार स्थापित कर दी। अमानुषिक अत्याचारों का सामना किया। उस क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक स्वयंसेवकों ने अपना बलिदान किया। नागपुर के निकट रामटेक के तत्कालीन नगर कार्यवाह श्री रमाकान्त केशव देशपाण्डे उपाख्य बालासाहब देशपाण्डे को आन्दोलन में भाग लेने पर मृत्युदण्ड सुनाया गया। आम माफी के समय मुक्त होकर उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की। देश के कोने-कोने में स्वयंसेवक जूझ रहे थे। मेरठ जिले में मवाना तहसील पर झण्डा फहराते स्वयंसेवकों पर पुलिस ने गोली चलाई, अनेक घायल हुए। आंदोलनकारियों की सहायता और शरण देने का कार्य भी बहुत महत्व का था। केवल अंग्रेज सरकार के गुप्तचर ही नहीं, कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता भी अपनी पार्टी के आदेशानुसार देशभक्तों को पकड़वा रहे थे। ऐसे जयप्रकाश नारायण और अरुणा आसफ अली दिल्ली के संघचालक लाला हंसराज गुप्त के यहाँ आश्रय पाते थे। प्रसिद्ध समाजवादी श्री अच्युत पटवर्धन और साने गुरुजी ने पूना के संघचालक श्री भाऊसाहब देशमुख के घर पर केन्द्र बनाया था। 'पतरी सरकार ' गठित करने वाले प्रसिद्ध क्रान्तिकर्मी नाना पाटिल को औंध (जिला सतारा) में संघचालक पं ।सातवलेकर जी ने आश्रय दिया। महाराष्ट्र के औंध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नेतृत्व करने वाले पंडित श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने नाना पाटिल को शरण दी, जो एक ऐसे नेता थे जिन्होंने 'पात्री सरकार' या वैकल्पिक सरकार स्थापित करने की कोशिश की थी। नाना पाटिल और उनके दोस्त किसनवीर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने छिपा दिया था, जब वे अंग्रेजों के खिलाफ गुप्त रूप से काम कर रहे थे। जाने-माने समाजवादी नेता अच्युतराव पटवर्धन भी कई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्यों के घरों में सुरक्षित रहे, जब वे गुप्त गतिविधियाँ कर रहे थे। 1940 और 1947 के बीच, ब्रिटिश पुलिस अक्सर इस बारे में बात करती थी कि कैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अधिक से अधिक शक्तिशाली होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेताओं में से एक गोलवलकर लोगों को भारतीय होने पर गर्व महसूस करा रहे थे और उन्हें एक साथ ला रहे थे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

**वृष**
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

**मिथुन**
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

**कर्क**
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह**
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

**कन्या**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

**तुला**
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक**
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

**धनु**
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

**मकर**
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

**कुंभ**
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**मीन**
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा। उनका सहयोग मिलेगा।

## शख्सियत

**विवेक को साथ लेकर कुछ कर गुजरने की क्षमता ही हमें आगे बढ़ती है, वक्त मेरा इंतजार नहीं करेगा बस इस बात को करीब से समझने वाला कभी मात नहीं खाता है बस यहीं प्रगति के पथ का सबसे बड़ा सत्य है........**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत है मनीष बिंदल जिन्हे एजुकेशन फील्ड में एक बड़े हस्ताक्षर के रूप में जाना जाता है। मनीष जी का जन्म 15 अगस्त सन 1980 को हुआ। जब आजादी का महोत्सव मनाया जा रहा था तब इनका जन्म हुआ और आज भी यह अपने मन से और अपनी व्यवस्थाओं से आजाद हैं सही पूछा तो किसी के गुलाम नहीं ।

इन्होंने अपनी स्कूल की शिक्षा खंडेलवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलवर से की और बैचलर इन इंजीनियरिंग इन्होंने एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज जोधपुर से की । सन 1998 से 2002 तक इंजीनियरिंग की इस की तैयारी के लिए जोधपुर में 2002 से 2003 तक रहने के दौरान पार्ट टाइम इंस्टीट्यूट में फिजिक्स पढ़ना शुरू किया और पढ़ने के दौरान पता चला कि यही वह काम है जो उन्हें सबसे ज्यादा आनंद दे रहा है और फिर यहीं से करियर की शुरुआत की क्योंकि इनका मानना है कि करियर भी वही होना चाहिए जो हमें काम करते समय आनंद प्रदान करता हो। 2003 में इन्होंने अलवर जाकर कैरियर मेकर इंस्टीट्युट में 2 साल फिजिक्स फैकल्टी के रूप में अध्यापन कराया । मैने कहा ना आजाद है ये तो फिर 2005 में अपने इंस्टिट्यूट बिंदल स्पेक्ट्रम की स्थापना की और पहले ही साल में सर्वश्रेष्ठ परिणाम मेडिकल,इंजीनियरिंग और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को दिए। 2021 में एक और इंस्टिट्यूट बिंदल क्लासेस इवनिंग ट्यूशन के नाम से शुरुआत की जो वर्तमान में इसके नंबर -2 में संचालित है। विगत 19 वर्षों से सैकड़ो विद्यार्थियों को मेडिकल और इंजीनियरिंग में सफलता हासिल कराए जाने का श्रेय भी मनीष बिंदल और उनकी टीम को जाता है। एक बेहतरीन काउंसलर के रूप में इन्हें जाना जाता है जब विद्यार्थी एक चौराहे पर खड़ा रहता है और उसे यह नहीं पता कि मेरे लिए रास्ता कौन सा अच्छा है ऐसे में एक बेस्ट काउंसलर हमेशा उसे विद्यार्थी के लिए एक उम्मीद की किरण साबित होता है। ऐसे ही मनीष बिंदल एक बेहतरीन काउंसलर के रूप में छात्रों को काउंसलिंग कर कर उन्हें उनके मनपसंद क्षेत्र में अग्रसर करते हैं दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



मनीष बिन्दल
( डायरेक्टर, बिंदल क्लासेज )

## आज का इतिहास

### 15 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पनामा शहर 1519 में बनाया गया।
- ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1772 में विभिन्न जिलों में अलग सिविल और आपराधिक अदालत के लिए फैसला लिया।
- ईस्ट इंडिया रेलवे ने 1854 में कलकत्ता(अब कोलकाता) से हुगली तक पहली यात्री ट्रेन चलाई, हालांकि आधिकारिक तौर पर इसका संचालन 1855 में शुरू हुआ।
- इंडियन बैंक - स्वदेशी आंदोलन के अंश के रूप में 15 अगस्त 1907 को इसकी स्थापना हुई।
- द्वितीय विश्व युद्ध: कोरियाई मुक्ति दिवस 1945 में मनाया जाता है
- युगवाणी (पत्रिका) - देहरादून (उत्तराखण्ड) से 1947 में प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका। यह आरंभ एक पाक्षिक समाचार पत्र के रूप में प्रकाशित हुआ था जो कालान्तर में पहाड़ का प्रमुख साप्ताहिक समाचार पत्र बना।
- स्वतंत्रता दिवस-भारत को 1947 में अंग्रेज़ों से स्वतंत्रता प्राप्त हुई।
- पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1947 में आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- रक्षा वीरता पुरस्कार-परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र 1947 में स्थापित किया गया।
- भारत में 1950 को 8.6 के तीव्रता वाले भूकम्प के कारण 20 से 30 हजार लोग मारे गये।
- बहरीन ब्रिटेन के शासन से 1971 में आजाद हुआ।
- पोस्टल इंडेक्स नंबर अर्थात् पिन कोड 1972 में लागू किया गया।
- बांग्लादेश में सैनिक क्रान्ति, मुजीबुर्रहमान की हत्या तथा खोंडेकर मुश्ताक अहमद के नेतृत्व में नयी सरकार का गठन 1975 में हुआ।
- फ़रीदाबाद 1979 में हरियाणा का 12 वाँ ज़िला बना।
- राष्ट्रव्यापी रंगीन प्रसारण और टीवी के राष्ट्रीय कार्यक्रम का 1982 को दिल्ली में उद्घाटन किया गया।
- क्लार्क ने 1989 में दक्षिण अफ़्रीका के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की।
- जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण 1990 में किया गया।
- सूडान के खार्तूम में 1994 को आतंकवादी कार्लोस पकड़ा गया।
- उत्तरी आयरलैंड में 1998 को ओमाग द्वारा की गई बमबारी में 29 लोग मारे गये और 220 अन्य घायल हुए।
- उत्तर एवं दक्षिण कोरिया के बिछड़े नागरिक 2000 में आपस में मिले।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2002 में इस्लामाबाद स्थित अपने सूचना केन्द्र को बन्द किया।
- लारा 2004 में सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।
- दक्षिण अमेरिकी देश पेरु के मध्य तटीय इलाके में 2007 को 8.0 तीव्रता के भूकंप से 500 से ज्यादा लोगों की मौत और कई लोग बेघर हुए।
- स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 2008 में संसद भवन परिसर में स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।

**विशेष आलेख**

# महिला डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या से जुड़े सवाल

ललित गर्ग




कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के दुराचार, बलात्कार व बर्बर हत्या पर स्वाभाविक ही देशभर के आमजन में तीखी प्रतिक्रिया एवं डॉक्टरों तीव्र रोष, गम और गुस्सा है, उसे समझा जा सकता है। जीवन-रक्षा करने वाले अस्पतालों एवं जीवन-रक्षक डाक्टरों पर हो रहे हमले, बर्बर एवं वीभत्स घटनाएं चिन्तनीय है। यह सरकारों एवं पुलिस की असफलता, लापरवाही एवं कोताही को ही दर्शा रही है। ऐसी घटनाओं में पुलिस की भूमिका अनेक सवाल खड़े कर रही है। कोलकाता की इस घटना ने एक बार फिर इस तथ्य की ओर ध्यान खींचा है कि अस्पतालों में डॉक्टरों को किस तरह के खतरों के बीच काम करना पड़ता है। डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर भी डरे एवं सहमे हुए हैं। लेडी डॉक्टर्स ही नहीं, पुरुष डॉक्टर भी तरह-तरह के हमलों की आशंकाओं एवं असुरक्षा के बीच जीते हैं। सबसे बड़ी बात यह कि घटना के बाद भी पुलिस संतोषनक कार्रवाई नहीं कर सकी। डॉक्टरों की बुनियादी मांग यह है कि इस घटना की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित की जाए।

यह घटना दर्दनाक होने के साथ-साथ अमानवीयता एवं क्रूरता की पराकाष्ठा थी, क्योंकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला डॉक्टर की आंखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बहने के अलावा उसके शरीर पर चोट के कई निशान मिलने की बात कही गई है। इस त्रासद एवं खौफनाक घटना के विरोध में देशभर में गुस्साए और फिक्रमंद डॉक्टर बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं चरमरा गयी हैं एवं सभी हिस्सों में ओपीडी सेवाएं बाधित एवं प्रभावित हो रहीं। जाहिर है, इससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब चूंकि इस मामले का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है और राज्य पुलिस को सारे कागजात बुधवार 10 बजे तक सीबीआई को सौंपने की हिदायत दी है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि मामले की संतोषजनक जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अस्पतालों में सिर्फ डॉक्टर ही खतरे में होते हैं? डॉक्टरों के साथ नर्स, अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं रोगी भी कहां सुरक्षित है? हालांकि हड़ताली डॉक्टरों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को मुद्दा बनाया है, लेकिन नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले कभी इतना बड़ा मुद्दा क्यों नहीं बनते? मसला मरीजों की सुरक्षा का भी है। 2024 में अस्पतालों में हुए यौन हमलों के हर पांच में से चार मामलों में पीड़ित महिला मरीज रही हैं। सवाल यह भी है कि अस्पतालों में ओवरचार्ज के रूप में मरीजों पर होने वाले वित्तीय हमलों को क्यों चर्चा से बाहर रखना चाहिए? आखिर अस्पतालों में बनते असुरक्षा के माहौल का यह भी एक अहम पहलू है। हमारे अस्पताल हर तरह से सुरक्षित होने चाहिए और इसके लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। संभवतः इसीलिए हड़ताली डॉक्टरों की एक प्रमुख मांग यह है कि हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा के लिए देश में एक नया केंद्रीय कानून बनाया जाए।

बढ़ते डॉक्टरों पर हमलों के कारण उनका डर और उनकी चिंता जायज है। लेकिन जहां तक केंद्रीय कानून की मांग है तो सवाल यह है कि क्या कोलकाता में लेडी डॉक्टर पर हुआ हमला कड़े कानूनों की कमी का परिणाम माना जा सकता है? सच यह है कि ज्यादातर राज्यों में मेडिकेयर सर्विस पर्सन्स और मेडिकेयर सर्विस इंस्टीट्यूशंस (हिंसा या क्षति या संपत्ति के नुकसान की रोकथाम) अधिनियम पहले से ही लागू है। अब तो हर अस्पताल में डाक्टरों पर हमलों के लिये चेतावनी के बोर्ड देखने को मिलते है कि ऐसी घटनाओं को अपराध मानते हुए उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मगर इन राज्यों में भी इसके तहत दर्ज मामलों में दस फीसदी ही आरोप तय होने के बाद अदालत तक पहुंच पाते है। जाहिर है, मूल समस्या कानून में नहीं, उस पर अमल में है। अदालत ने उचित ही आंदोलित डॉक्टरों को उनके पवित्र एवं पावन दायित्व का एहसास कराया है और उनसे अपने काम पर लौटने की अपील की है। आखिर किसी जालिम की करतूत की सजा बेकसूर मरीजों को क्यों मिलनी चाहिए? इसलिये न्याय मांगते डॉक्टरों को भी सोचना चाहिए कि इंसाफ का तकाजा क्या यह भी नहीं है कि किसी मरीज से नाइंसाफी न हो? इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के एक अध्ययन के अनुसार, 75 प्रतिशत से अधिक डॉक्टरों को काम पर हिंसा का सामना करना पड़ता है। तूतीकोरिन में एक महिला डॉक्टर की हत्या एक गर्भवती महिला के पति ने की थी, जिसे गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया था, लेकिन उसे स्थानांतरित किए जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पति ने तीन साथियों के साथ महिला डॉक्टर के परामर्श कक्ष में प्रवेश किया और उस पर तलवार से हमला किया। 2014 में, पंजाब के मनसा जिले में एक लड़के की मौत के बाद एक डॉक्टर के क्लिनिक को जला दिया गया था, जिसे तृतीयक अस्पताल में रेफर किया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। भारत भर में डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा की असंख्य घटनाएं लगभग हर दिन सामने आती हैं, जिनमें से कुछ में गंभीर चोटें भी आती हैं। यहां तक कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली जैसे संस्थान भी इससे अछूते नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में बात केवल राजनीतिक हिंसा एवं आक्रामकता की ही नहीं है बल्कि कुशासन एवं अराजकता की भी है। वहां आमजनता के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा भी खतरे में है। इसका एक उदाहरण चुनाव से पहले कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 10 जून की रात को सामने आया था, वह भी एक काला अध्याय ही था। इलाज के दौरान एक बुजुर्ग मरीज की मृत्यु के बाद एक वर्ग विशेष के लोगों ने डॉक्टरों पर हमला बोल दिया था, जिससे कई डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। भारत में डॉक्टर को लगभग भगवान का दरजा मिला हुआ है। ऐसे में, आमतौर से उन पर हमला किसी ऐसे निरंकुशता और असंवेदनशीलता की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए, जो तंत्र से पोषित एवं संरक्षित होता है। उसकी हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता, पर इसे किसी शून्य की उपज भी नहीं कह सकते। लेकिन ताजा घटना में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ जो हुआ, उसने तो सारी सीमाएं लांघ दी है। इस हत्याकांड ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल सरकार एवं पुलिस-प्रशासन को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। खुद अदालत ने सवाल किया कि आखिर शुरुआत से ही हत्या के बजाय अस्वाभाविक मौत के नजरिये से जांच क्यों की गई? फिर 9 अगस्त को घटी इस घटना में उसने जिस आरोपी को हिरासत में लिया है, वह एक पुलिस का वॉलंटियर बताया जाता है और उसे इस अस्पताल में अक्सर मंडराते देखा जाता था। इतने संवेदनशील मामले में अतिरिक्त सक्रियता बरतकर कोलकाता पुलिस न सिर्फ पीड़ित परिवार के भरोसे का संरक्षण कर सकती थी, बल्कि डॉक्टरों को भी यह यकीन दिला सकती थी कि अपराधी चाहे कोई भी हो चंद घंटों के भीतर वे सलाखों के पीछे होंगे! मगर बंगाल पुलिस ने कहीं न कहीं कोताही बरती।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# जिला स्तरीय स्वाधीनता दिवस का आयोजना आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया इस वर्ष जिला स्तरीय आयोजन राजकीय एलबीएस कॉलेज कोटपूतली में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9.00 बजे से किया जाएगा।अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रात 8.00 बजे जिला कलेक्टर के निज निवास पर तत्पश्चात प्रातः 8:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट में झंडारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात सभी अधिकारी कर्मचारी जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।





## कृषि उपज मंडी प्रांगण में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

### उपखण्ड अधिकारी करेंगे ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाला मुख्य समारोह इस बार बारिश के चलते कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित होगा। मुख्य समारोह में सुबह 8.30 बजे उपखण्ड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर एसडीएम मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। समारोह में छात्र–छात्राओं द्वारा कई देशभक्ति गीतों पर एकल नृत्य व सामुहिक रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने एवं प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार पटेल रोड स्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय, भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पाटनी कॉम्पलेक्स पर झण्डारोहण किया जाएगा। विधायक रामसहाय वर्मा के साथ कई कार्यकर्ता गांधी पार्क में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि करके शास्त्री पार्क में भी श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। नगरपालिका कार्यालय पर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, पंचायत समिति कार्यालय पर प्रधान रामअवतार लांगडी, पुलिस वृत्ताधिकारी कार्यालय पर डीवाईएसी मृत्युंजय मिश्रा, तहसील कार्यलय में तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, राजकीय सामुदायिक अस्पताल में अस्पताल प्रभारी डॉ. केके विजय, ट्रक यूनियन पर यूनियन अध्यक्ष सूरजनारायण शर्मा, पुलिस थाने में थानाधिकारी हरिराम वर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य देवेन्द्रपालसिंह चौधरी, राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल विद्यालय में प्रधानाचार्य कुम्भाराम चौधरी, राजकीय एकलव्य रेजिडेंसियल मॉडल विद्यालय में प्रधानाचार्य रामचरण मीणा, रानीलक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ध्वजारोहण करेंगे।













# स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस मुख्यालय की नई पहल : अब राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 'पॉडकास्ट' का नवाचार

जयपुर।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय द्वारा एक नई पहल के तौर पर राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'पॉडकास्ट' का नवाचार शुरू किया जा रहा है। इसकी पहली कड़ी में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री उत्कल रंजन साहू का स्वाधीनता दिवस के मौके पर प्रदेशवासियों, राजस्थान पुलिस के अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों के नाम शुभकामना संदेश प्रसारित किया गया है। इसमें डीजीपी श्री साहू ने इस नवाचार की जानकारी साझा की है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (टी एंड टी) श्री बिपिन पांडे ने बताया कि आने वाले दिनों में राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स-एक्स हैंडल, फेसबुक पेज और इंस्टाग्राम पर साप्ताहिक आधार पर जनता से जुड़े सरोकारों पर 'पॉडकास्ट' का प्रसारण किया जाएगा। इसमें पुलिस मुख्यालय और फील्ड के अधिकारी अलग-अलग मुद्दों पर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से मुखातिब होंगे। 'पॉडकास्ट' का संयोजन पुलिस मुख्यालय की टी एंड टी की देखरेख में प्रचार (जनसम्पर्क) शाखा और सोशल मीडिया टीम द्वारा किया जाएगा। श्री पांडे ने बताया कि वर्तमान में पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल, फेसबुक पेज और इंस्टाग्राम पर 11 लाख 31 हजार से अधिक फॉलोअर्स है। इन प्लेटफॉर्म्स पर पब्लिक अवेयरनेस के लिए नियमित तौर पर जनता से जुड़े विभिन्न विषयों पर पोस्ट तैयार कर कैंपेन चलाई जाती है। अब 'पॉडकास्ट' की इस नई पहल के माध्यम से भी जनचेतना के लिए उपयोगी सामग्री का प्रसारण होगा।
























# कंस्ट्रक्शन ठेकेदार के ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट करने का आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविन्द सिंह सेठी)।** अभी हाल ही में कुछ सप्ताह पहले यहां शहर निवासी एक कंस्ट्रक्शन संवेदक के निजी ऑफिस में तोड़फोड़ कर मारपीट करने का मामला सामने आया था। उक्त दौरान पीड़ित की पत्नी ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था । और पुलिस को रिपोर्ट में बताया था कि संवेदक राजेश मल्होत्रा के निजी ऑफिस में अनधिकृत रूप से घुसकर तुलसीराम ने तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने संवेदक की पत्नी रीना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। इस पर पुलिस ने बुधवार को इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में थाना प्रभारी राजकुमार नायक ने बताया कि तुलसीराम उर्फ सोनू पुत्र नंदलाल खटीक निवासी बंगाली कॉलोनी देवली को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी उक्त प्रकरण दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। जिसकी सूचना एकत्र कर हेड कांस्टेबल संदीप कुमार यादव ने आरोपी गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में गत 14 जुलाई को परिवादी रीना पत्नी राजेश निवासी खटीक मोहल्ला देवली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उसके पति राजेश का ऑफिस रेगर धर्मशाला के पास स्थित है।

जहां आरोपी घटना के दिन आरोपी एक राय होकर अनाधिकृत रूप से पत्थर, लकड़ी व सरिया लेकर आए। जिन्होंने संवेदक राजेश खटीक के ऑफिस में तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की जिसकी रिपोर्ट संवेदक की पत्नी रीना ने पुलिस थाने में दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में संवेदक की पत्नी रीना ने बताया कि अनीता पत्नी तुलसीराम, सीता पत्नी नंदलाल, तुलसीराम पुत्र नंदलाल, नंदलाल पुत्र कस्तूरा देवली बंगाली कॉलोनी पर मारपीट ऑफिस में तोड़फोड़ का आरोप लगाया था। यह पुलिस के अनुसार आरोप है कि उक्त दौरान बीच बचाव में परिवादी रीना के साथ भी मारपीट की गई।

# देवली क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी मामलों के बीच शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

## 6 महीनो से लगातार बाइक चोरी मामले दर्ज होते रहे, गिरफ्तार बाइक चोर दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविन्द सिंह सेठी)।** देवली शहर में पिछले 6 महीना से बाइक चोरी एवं अन्य चोरी के मामले बढ़ते चले जा रहे थे। इसी के बीच बुधवार को देवली थाना पुलिस ने शहर की साकेत कॉलोनी से पिछले दिनों हुई बाइक चोरी के मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराई गई बाइक बरामद कर ली की है।


थाना अधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि उक्त चोरी की वारदात के संबंध में 10 अगस्त को परिवादी अशोक कुमार पुत्र भुवानराम मीणा हाल निवासी साकेत कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित में रिपोर्ट में बताया कि उनकी बाइक गत 21 जुलाई को दोपहर ढाई बजे करीब साकेत कॉलोनी में भरत सिंह के मकान के बाहर से चोरी हो गई। जिसे अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया। बढ़ती चोरी के मामलों को ध्यान में रखते हुए उपाधीक्षक रामसिंह समेत उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना अधिकारी राजकुमार नायक ने चोरों की तलाश में टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल ने शुरू कर दिए तभी साइबर तकनीकी प्राप्त साक्ष्य संकलित कर पुलिस ने आरोपी नंदलाल उर्फ नंदा पुत्र हरचंद कुमावत निवासी कुमावतो का नया गांव बाघेरा थाना केकडी सदर को डिटेन कर अनुसंधान किया है यहां बाइक चोर ने साकेत कॉलोनी से यह बाइक चुराना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी नंदलाल की निशानदेही पर चुराई गई बाइक बरामद कर ली है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने टोंक में छोटूलाल कुमावत निवासी बासेड़ा बडला थाना फुलिया कला के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में थाना प्रभारी नायक ने बताया कि नंदलाल उर्फ नंदा बूंदी, भीलवाड़ा, जयपुर, अजमेर, केकडी, देवली में अब तक 15 चोरी की वारदात कर चुका है। जिसे न्यायालय में पेश किए जाने पर न्यायालय ने आरोपी को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। ऐसे में पुलिस चोर से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ करेगी।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई



बढ़ता राजस्थान

**देवली (नि.स.)।** यहां बुधवार को मानव धर्म बहु दिव्यांगता विद्यालय में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर शपथ दिलवाई गई। इस कार्यक्रम में मानसिक दिव्यांग व मूक बधिर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान संस्था निदेशक रणवीर सिंह चौहान ने नशामुक्त भारत अभियान के लिए एकजुट होकर न केवल समुदाय परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशा नहीं करने के लिए बताया। विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण प्रशिक्षणशार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि इसके सेवन से मनुष्य का जीवन अंधकार में डुब रहा है। युवा पीढी शराब, तम्बाकु, चरस, अफीम सहित नशे के गुलाम हो रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक गजेन्द्र सिंह मीणा, लेखपाल सत्यनारायण सेन, छात्रावास अधीक्षक आशा शर्मा, कॉर्स कॉर्डिनेटर जगत बहादुर यादव, अभीजीत यादव, अंशु शर्मा, विशेष शिक्षक बिरदी चन्द प्रजापत, शिवराज गुर्जर आदि थे।












बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर रोष व्याप्त

## बार एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर आमजन में रोष व्याप्त है।

इस सम्बंध में बार एसोसिएशन कोटपूतली ने अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एडीएम योगेश कुमार डागुर को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ रोष जताया। साथ ही हिंदूओं की सुरक्षा की मांग की। इस दौरान उपाध्यक्ष सुशील यादव, हेमंत शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा, सत्यवीर पायला, रविन्द्र यादव, डिप्टी चौधरी, रंजीत मीना, नवीन यादव, महेश सराधना, कृष्ण कुमार गुर्जर, अमरसिंह चौधरी, रामकिशन शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता के महत्त्व को समझें और शहीदों के योगदान का स्मरण करें

संजय खाबिया, (अधिस्वीकृत स्वतंत्र पत्रकार)



15 अगस्त 1947 एक ऐसी तिथी है जिसे हमारे इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा गया है। एक ऐसा दिन जब भारत आज़ाद हुआ, अंग्रेज़ भारत छोड़ने पर मज़बूर हो गये थे। हमें दो सौ साल कि गुलामी से आज़ादी मिली थी, तो जश्न भी उतना ही बड़ा होना था और शायद यही वजह है कि आज भी हम इसे उतने ही धूम–धाम से मनाते हैं। अंग्रेजों के भारत पर कब्जे के बाद हम अपने ही देश में गुलाम थे। पहले सब कुछ हमारा था जैसे कि धन, अनाज, ज़मीन परंतु अंग्रेजों के आने के बाद किसी चीज़ पर हमारा अधिकार नहीं था। वे मनमाना लगान वसूलते और जो मन उसकी खेती करवाते जैसे नील और नकदी फसलों की खेती आदि। ऐसा खास तौर पर बिहार के चंपारण में देखा गया। हम जब भी उनका विरोध करते हमें उससे भी बड़ा जवाब मिलता, जैसे कि जलियांवाला बाग हत्याकांड।

प्रतारण की कहानियों की कमी नहीं है और न ही कमी है हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साहस पूर्ण आंदोलनों की, उनके अथक प्रयासों का ही नतीजा है कि आज़ हमारे लिए यह इतिहास है। अंग्रेजों ने हमें बुरी तरह लूटा, जिसका एक उदाहरण कोहिनूर भी है, जो आज उनकी रानी की ताज कि शोभा बढ़ा रहा है। लेकिन हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर आज भी सबसे कुलीन है और शायद यही वजह है कि आज भी हमारे देश में अतिथियों को देवताओं की तरह पूजा जाता है और जब–जब अंग्रेज भारत आएंगे हम उनका स्वागत करते रहेंगे लेकिन इतिहास का स्मरण करते हुए। हमारे स्वतंत्रता सेनानीयों का आज़ादी के लिए संघर्ष में अतुल्य योगदान रहा है और वे सबसे लोकप्रिय भी थे। जैसे गांधी जी ने सबको सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया और वह अहिंसा ही था, जो सबसे बड़े हथियार के रूप में उभरा और कमज़ोर से कमज़ोर व्यक्ति के जीवन में भी उम्मीद के दीपक जलाए। गांधी जी ने देश से कई कुप्रथाओं को हटाने के कुलजोर प्रयास किये और सभी तबकों को साथ लाया, जिसकी वजह से यह लड़ाई और आसान हो गई। उनके लिये लोगों का प्यार ही था जो लोग उन्हें लोग बापू बुलाते थे। साइमन कमीशन के विरोध में सब शांतिप्रिय तरीके से विरोध कर रहे थे, लेकिन इसी बीच अंग्रेजों ने लाठी चार्ज शुरू कर दिया और इसमें लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गई। इससे आहत होकर भगत सिंह, सुख देव, राजगुरू ने सांडर्स की हत्या कर दी।





















# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अमानवीय अत्याचार के विरोध स्वरूप चित्तौड़गढ़ शांतिपूर्ण बन्द रहा

## संतों की अगुवाई में सर्व हिंदू समाज द्वारा विशाल जनाक्रोश रैली व प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** बांग्लादेश में निवासरत अल्पसंख्यक एवं हिंदू समाज पर अमानवीय अत्याचार के विरोध स्वरूप संतों के नेतृत्व में सर्व हिंदू समाज द्वारा बुधवार को आधे दिन बन्द रखकर विशाल जनाक्रोश रैली, मौन जुलूस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के बाद संतो ने जन समूह को संबोधित किया व जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सर्व हिंदू समाज द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध स्वरूप बुधवार को सुबह से ही जिला मुख्यालय पर शहर व उपनगरीय क्षेत्रों के सभी मार्बल व अन्य उद्योग, व्यापारिक प्रतिष्ठान, कई मेडिकल स्टोर व चाय पान की थड़ियाँ, गुमटी सहित बाजार बंद रहे, जो दोपहर एक बजे बाद खोले गए। सुबह गोरा बादल स्टेडियम से मौन जुलूस प्रारंभ होकर गोल प्याऊ, सुभाष चौक, अप्सरा चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड होकर कलेक्ट्री चौराहे पहुंचा। विशाल जनाक्रोश रैली में बड़ी संख्या में महिला पुरुष हाथों में पोस्टर लिए चल रहे थे, कलेक्ट्री पर प्रदर्शन के बाद संतों ने जन समूह को संबोधित किया। इस मौके पर संत अभय दास जी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहा निर्ममता पूर्वक अत्याचार घृणित, निंदनीय और अक्षम्य है । उन्होंने कहा कि विधर्मी ताकतों द्वारा देश में भी आए दिन इस प्रकार की घटनाएं हो रही है, इनको रोकने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाना चाहिए। संत ने भारतवासियों से राष्ट्र व धर्म की रक्षा करने के लिए संकल्पित होकर आगे आने को कहा।तत्पश्चात संत अभय दास जी, विजयपुर संत वैष्णव दास जी, विनोद चंद्र जी यति व इस्कोन संत घनश्याम दास जी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में निवासरत अल्पसंख्यक हिंदुओं की जान - माल की रक्षा व सुरक्षा के लिए हर संभव उचित कदम उठाने के लिए शीघ्र प्रबंध करें। सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित इस वृहद स्तरीय बन्द, विशाल जनाक्रोश रैली ,मौन जुलूस प्रदर्शन में विभिन्न विभिन्न, उद्योग, व्यापारिक संगठनों, मेडिकल, ठेला गुमटी व्यवसाय व धार्मिक व सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक प्रतिनिधियों, महिलाओं सहित आम जन ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।







### सामाजिक सरोकार के तहत औषधालय में वाशिंग मशीन की दान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** श्री दिगम्बर जैन महा समिति (महिला प्रकोष्ठ) अलवर द्वारा, श्री पद्म प्रभु जैन औषधालय महताब सिंह का नौहरा अलवर को वाशिंग मशीन दान स्वरूप भेंट की गई। समिति की अध्यक्ष सरला जैन ने बताया कि औषधालय में संचालित पंचकर्म सेंटर के लिए वाशिंग मशीन की जरूरत थी, प्रोग्राम में रेखा जैन ( उपाध्यक्ष), अंजू जैन ( सचिव), डॉ उषा जैन, डोली जैन, नीता जैन,रूचि जैन ( बडतलिया), निशा जैन, आशा जैन रेखा जैन महिला समिति की तरफ से उपस्थिति रहीं।औषधालय समिति के अध्यक्ष विमल कुमार जैन ने सभी का स्वागत और सत्कार किया, और सभी को बहुत बहुत धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में संजय जैन ( मंत्री) और अजित जैन ( भण्डारी) ,सुरेश जैन ( बडतलिया) व औषधालय स्टाफ मौजूद रहे।







### तिरंगा यात्रा निकाल कर दिया एकजुटता का संदेश

## राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारा प्राणों से प्यारा : यादव



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** विधानसभा क्षेत्र के गांव मांढन, ढीकवाड, खूंदरोठ, बिरनवास एवं माजरा में भाजपा नेता बलवान सिंह यादव प्रथम जिलाध्यक्ष एवं प्रधान पंचायत समिति नीमराना ने जाकर शहीदों को नमन कर उनको पुष्पांजलि अर्पित की इसके बाद मांढन में खूंदरोठ मोड़ से तहसील तक तिरंगा यात्रा निकाली7 तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय,वन्देमातरम और हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के जयघोष लगते रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान बलवान सिंह यादव ने उपस्थित सभी जनों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा में लोगों के उत्साह को देखते हुए आभास हो रहा है कि वे देश को आजाद कराने वालों को सच्चे दिल से श्रद्धांजलि दे रहे हैं।









# सूफी संत हजरत दीवाना शाह का 83वां तीन दिवसीय उर्स कुल के छींटे एवं मुल्क में अमनो सुकून की दुआओं के साथ सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान


**कपासन (नि.स.)।** प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. का 83वां तीन दिवसीय उर्स कुल के छींटे एवं मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ के साथ सम्पन्न हुआ।

दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने बताया कि बुधवार बाद नमाज़े फजर के देग का खाना तकसीम किया तथा 8 बजे शाही महफिलखाना मे महफिले मीलाद पाक स.अ. के बाद कव्वाल पार्टियो ने अपने अंदाज मे सुफियाना कलाम पेश किया।आखिर में कव्वालो ने मिलकर हजरत महबूबे ईलाही निजामुद्दीन औलिया देहलवी को जब तूतीऐ हिंद हजरत अमीर खुसरो ने अपना पीर बनाया व मुरीद बनते वक्त जब पीर के चेहरे पर जो रंग नज़र आया वो अपनी वालिदा शरीफा (मां) को इस तरह सुनाया ''आज रंग हे री माँ रंग हे री, मेरे महबूब के घर रंग हे,ऐसो पीर पायो निजामुद्दीन औलिया मै तो ऐसो पीर और नही देखियो री पढ़ा तो जायरीने दीवाना पर वज्द तारी हो गया।आशिके दीवाना ने दीवाना वार होकर ईनाम के तौर पर रूपयो की बारिश कर दी।दरगाह वक्फ कमेटी सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी ने बताया कि दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने केन्द्र-राज्य सरकार,जिला प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन,नगर पालिका, बिजली, पानी, रोड़वेज एवं रेल्वे अधिकारियो के साथ वॉलियन्टियर्स,कार्यकर्ताओ का शुक्रिया अदाकर कुल की फातिहा मे शिजरा पढ़कर पूरे मुल्क मे हुजूर स.अ.व.,औलियाऐ किराम एवं बाबा हुजूर के वसीले से अमनो सुकून की दुआ की तो पूरा दरगाह परिसर आमीन-आमीन (ऐसा ही हो,ऐसा ही हो) की सदा से गूंज उठा।जगह-जगह कुल के छीटों के लिये फव्वारा सिस्टम की व्यवस्था के साथ ही 100 कार्यकर्ताओ ने कुल के छींटे लगाये।कुल के छींटो के साथ हर व्यक्ति यह सोचकर घर रवाना हुआ की बाबा हुजूर ने मुझे स्वयं विदाई दी हो। महमानाने खुसुसी -राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ के सदस्य हाजी युसूफ खां,मोहम्मद शब्बीर शैख,दरगाह हज़रत गरीब नवाज़ के सैयद वाहीद अंगारा शाह सचिव अंजुमन,सैयद मुर्शरफ चोधरी, हाजी उमरदीन चिश्ती,राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव धीरज गुर्जर,जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पंचयात समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चोधरी,भीलवाडा के उद्योगपति याकूब खां,दाई हलीमा हॉस्पिटल के चेयरमेन रफीक भाई,सावा के समाजसेवी अब्दुल रशीद शैख आदि उपस्थित रहे।

## राजभवन में प्रातः 8.45 बजे होगा ध्वजारोहण राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे झण्डारोहण

जयपुर।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे गुरुवार, 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस पर राजभवन में प्रातः 8.45 पर ध्वजारोहण करेंगे। राज्यपाल श्री बागडे राजभवन में स्वाधीनता दिवस समारोह में उच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही पुस्तके एवं मिठाई का वितरण भी करेंगे। बाद में वह 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी करेंगे।




## सरकारी टीचर ने स्टूडेंट के साथ बनाए अनैतिक संबंध, परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर जड़ा ताला

जोधपुर।

सरकारी स्कूल के टीचर के स्टूडेंट के साथ अनैतिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। बच्चों ने इस बारे में परिजनों को बताया तो नाराज परिजन और ग्रामीण बुधवार को स्कूल पहुंचे और गेट पर ताला लगा दिया। परिजनों ने टीचर पर छात्र-छात्राओं के साथ गलत हरकत करने का आरोप लगाया और सरपंच प्रतिनिधि हनुमान सिंह राजपुरोहित के साथ ग्रामीण धरने पर बैठे। ग्रामीणों ने टीचर को बर्खास्त करने की मांग की। मामला जोधपुर के ओसियां इलाके का है।

ग्रामीणों ने बताया- पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कैलाश मेघवाल लंबे समय से बच्चों के साथ अनैतिक काम कर रहा था। बच्चों ने घर पर बताया, तब उन्हें पता चला। ग्रामीणों ने कहा कि टीचर पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह स्कूल में होने वाले 15 अगस्त के समारोह में नहीं जाएंगे। धरने की सूचना पर तहसीलदार राज बहादुर सिंह शेखावत, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रदीप खत्री, मथानिया पुलिस थाने के एएसआई रूपाराम जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। तहसीलदार ने ग्रामीणों से बात की।















### आरोग्य जन जागरूकता अभियान के तहत कैंपेन रथ किया रवाना

## गैर संचारी रोगों के प्रति लोगो को करेगा जागरूक : डॉ गब्बर मीणा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ब्लॉक में में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था द्वारा आरोग्य जन जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को ब्लॉक कार्यालय पर एलईडी वैन शो कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें लोगों की बीपी,शुगर, मोटापा तथा मानसिक बीमारियों के बारे में वैन के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। यह वेन ब्लॉक के सभी सीएचसी और पीएचसी के साथ हर पंचायत स्तर पर जाकर शो करेगी। जिससे लोगों को लगातार बढ़ रही इन बीमारियों के प्रति जानकारी मिल सके। वेन को रवाना करने के दौरान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गब्बर सिंह मीणा ने बताया कि यह ऐसी बीमारियां होती हैं जो लंबे समय तक रहती हैं। जैसे उच्च रक्तचाप,शुगर या डायबिटीज,मोटापा एक बार शरीर मे लगने के बाद पीछा नही छोड़ते है। वर्तमान में इन बीमारियों की समय पर जांच और इलाज किया जाता है और लगातार उपचार के साथ सावधानी रखी जाती है जिससे यह हमारे स्वास्थ्य के लिए ज्यादा हानिकारक नहीं होती। यह बीमारियां हमारे आसपास के कारणों से शारीरिक,मानसिक और आनुवाशिक कारकों का ही परिणाम होती है। इनकी समय रहते जांच करवाते रहनी चाहिए। लेकिन इन रोगों से बचने के लिए खानपान का ध्यान रखना, तंबाकू का सेवन नहीं करना,शराब का सेवन नहीं करना जैसी आदतों को अपनाना ही सबसे बढ़ा इलाज है। इस तरह से इन सभी बीमारियों से बचा जा सकता है। इसलिए चिकित्सा विभाग द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसके माध्यम से लोगों गैर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वह अपना बचाव कर पाएंगे। इस अवसर पर बीपीएम देवांद,ब्लॉक सेक्टर सुपरवाइजर सरिता देवी वा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 एडीजी स्मिता श्रीवास्तव एवं बिनीता ठाकुर होगी राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

**जयपुर।** 78 वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाली 2 महिला पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होने वाली महिला पुलिस अधिकारी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी करप्शन ब्यूरो द्वितीय स्मिता श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस हाउसिंग बिनीता ठाकुर है। 1995 बैच की आईपीएस अधिकारी स्मिता श्रीवास्तव ने एडीजीपी यातायात के रूप में कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान राजस्थान में फंसे लोगों को सुरक्षित रखने और सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
















BALAJI HOTEL & RESTAURANT
AC & NON AC ROOM
PURE VEG
24 HOURS OPEN
Balaji
Hotel & Restaurant
Breakfast
Lunch
Dinner
A/C & Non A/C
Room Available
Marriage Garden
Banquet Hall
24 Hour Open
Restaurant
Family Party
Best Arrangement
Contact
Hanuman:9829858089
Kailash: 9414666756
NH-12, Tonk Road, Kothun (Jaipur)

## कार्यालय नगर पालिका नदबई (भरतपुर)



श्री भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री
राजस्थान सरकार



कु. जगत सिंह
विधायक
नदबई

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओ की जानकारी आमजन तक पहुंचाने हेतु नगर पालिका नदबई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारण्टी एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना आदि योजाओं के संदर्भ जन जागरूकता।

### आम जनता से अपील

➢ सभी नागरिक नगर पालिका के स्वच्छता कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करें। ➢ शहर में गदंगी ना फैनाएं-खुद समझें औरों को भी समझाएं। सभी नागरिक सुखा व गिला कचरा अलग अलग करें तथा कचरा संग्रहण कर रहे ऑटो टीपर को कचरा दें। ➢ सड़को पर कचरा ना फैलाएं कूड़े को कचरा पात्र में ही डालें एवं घर व दुकानों पर कचरा पात्र रखें। ➢ सभी नागरिक नगर पालिका को युजर चार्जेज जमा करायें तथा जमा करने वाली टीम का सहयोग करें अन्यथा युजर चार्जेज जमा नहीं करवाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। ➢ दुकानदार कचरा पात्र रखे तथा कचरा, कचरा पात्र या ऑटो टीपर में ही डाले। ➢ सिंगल यूज प्लास्टिक व प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग ना करे व पॉलीथीन की जगह कपड़े / जूट के थैलो का उपयोग करें। ➢ पर्यावरण संरक्षण, जल सरंक्षण व वृक्ष सरंक्षण के क्षेत्र में कार्य करे। ➢ जहां सोच वहां शौचालय, बदलो सोच, बनाओ शौचालय, अपनाओ शौचालय ➢ सार्वजनिक संपतियों को पोस्टर, बैनर, वॉल पेंटिंग लगाकर बदरंग न करें। ➢ स्ट्रीट लाईट से संबधित शिकायतें रजिस्टर में दर्ज करवाएं। ➢ बकाया नगरीय विकास कर व बकाया लीज की राशि शीघ्र ही जमा करवाएं।



हरवती अरब सिंह सिनसिनवार
अध्यक्ष
नगर पालिका नदबई



पुष्पा उपाध्याय
उपाध्यक्ष
नगर पालिका नदबई



दीपा यादव
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका नदबई

15th of August
HAPPY INDEPENDENCE DAY

निवेदक
समस्त पार्षदगण
स्टाफ, नगर पालिका नदबई
(भरतपुर)

दीपा यादव
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका नदबई



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियंता विभाग चूरू (राज.)

क्रमांक : दिनांक :

### जल है अनमोल, इसे बचाएं, व्यर्थ ना बनाएं

हर घर जल
जल जीवन मिशन

बदलती जीवनशैली और बदलते शहरीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है।



भू-जल अतिदोहन के कारण पानी की कमी निरन्तर बढ़ रही है। अतः जीवन को सुरक्षित रखना है तो वर्षा एवं भूमिगत जल को संरक्षित रखना होगा। पानी के दुरुपयोग को रोकना होगा वरना जीवन खतरे में पड़ जायेगा। आओ हम दैनिक कार्यों में जल उपयोग के निम्नांकित तरीकों को अपनाकर जल की बचत करें। जल की बचत कर आने वाली पीढ़ी के जीवन को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

बचे हर बूंद, पले जीवन, हमने किये हैं वो सारे जतन।
अब आगे आयें एक-एक जन, जल संचय में लगा दे तन मन।

| क्र. सं. | दैनिक क्रिया का नाम | खर्च पानी की मात्रा | जल उपयोग करने के तरीके | पानी बचत की मात्रा लीटर में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्नान करने में | फव्वारे से 180 लीटर | बाल्टी से 18 लीटर | 162 लीटर |
| 2. | शौचालय जाने में | फ्लस टैंक से 13 लीटर | छोटी बाल्टी से 4 लीटर | 9 लीटर |
| 3. | शेव करने में | नल खोलकर करने से 11 लीटर | मग से पानी लेकर 1 लीटर | 10 लीटर |
| 4. | दंत मंजन | नल खोलकर करने से 33 लीटर | मग या छोटे लोटे से पानी लेकर 1 लीटर | 32 लीटर |
| 5. | कपड़ों की धुलाई | नल खोलकर करने से 166 लीटर | बाल्टी के उपयोग से 18 लीटर | 148 लीटर |

6. एक लॉन/ कोर्टयार्ड में 10,000 से 12,000 लीटर उपयोग किये जल से एक छोटे परिवार हेतु एक माह का जल उपलब्ध हो सकता है।
7. प्रति सैकण्ड नल से टपकती जल बूंद से एक दिन में 17 लीटर जल का अपव्यय होता है।
8. उपभोक्ता अपनी सर्विस लाईनों की मरम्मत कर पानी के रिसाव को रोककर भी सहयोग प्रदान कर सकते हैं।
9. जलदाय विभाग की पाईप लाईनो में यदि कहीं लीकेज हो तो उसकी सूचना विभाग को समय पर देकर सहयोग करें।

### जल है अनमोल, इसे बचाएं, व्यर्थ बनाएं

जल संरक्षण .... हमारी संस्कृति भी, हमारा भविष्य भी, जल बिन सब सून

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जल एवं स्वच्छता सहयोग संगठन

अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियंता विभाग चूरू (राज.)



सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# सभी देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

जय हिंद



"सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएँ। आइए, इस ऐतिहासिक अवसर पर अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प को और सशक्त बनाएँ।"
- नरेन्द्र मोदी

हर घर तिरंगा फहराएँ और इसे राष्ट्रीय एकता, गर्व और प्रगति के रंगों से सजाएँ

तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने के लिए harghartiranga.com पर जाएँ या QR कोड स्कैन करें

cbc 22201/13/0006/2425

• लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण प्रातः 6:30 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर •

# 78 वां स्वतंत्रता दिवस क्यों 15 अगस्त को ही मनाया जाता है आजादी दिवस



## स्वतंत्रता दिवस 2023 की थीम

हर भारतीय के लिए 15 अगस्त का दिन सबसे खास होता है। अंग्रेजों के जुल्म से भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली थी। भारतीय सैनिकों की कुर्बानी के बाद भारत को आजादी मिली थी। हर साल हमारा देश स्वतंत्रता दिवस मनाता है। इस साल भारत में 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इस दिन देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 15 अगस्त पर भारत के प्रधानमंत्री लाल किले पर तिरंगा फहरा कर देश को संबोधित करते हैं। हर साल की तरह इस बार भी आजादी के इस दिन को कुछ अलग अंदाज में मनाया जाएगा। चलिए जानते हैं कि स्वतंत्रता दिवस 2023 की थीम क्या होने वाली है।

### क्या होगी स्वतंत्रता दिवस 2023 की थीम

इस साल स्वतंत्रता दिवस की थीम राष्ट्र पहले, हमेशा पहले होगी। इस थीम पर देश के स्कूलों-कॉलेजों में कई प्रोग्राम भी आयोजित होंगे। इस थीम के अनुसार हम भारतीयों को एकजुट होकर राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ना है। आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लेवल पर भारत अपनी अलग पहचान बना चुका है। यह दिन हमें ना केवल आजादी के लिए शहीद हुए वीर सैनिकों की कुर्बानियों को याद दिलाता है, बल्कि वीर स्वतंत्रता सेनानियों और देश के प्रति प्रेम को बढ़ाता है।

### स्वतंत्रता दिवस पर हर साल आयोजित होते हैं कई कार्यक्रम

इस दिन को बढ़ावा देने के लिए और नागरिकों में देशभक्ति जगाने के लिए कई कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। सिर्फ यही नहीं, भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी से जुड़ी हुई फिल्में भी टीवी पर दिखाई जाती हैं। भारत के प्रधानमंत्री हर साल की तरह इस साल भी पुरानी दिल्ली के लाल किले में भाषण देंगे, वहीं भारत के राष्ट्रपति भी इस दिन राष्ट्र के नाम संबोधन देते हैं। इस बार स्वतंत्रता दिवस 2023 की थीम राष्ट्र पहले, हमेशा पहले होगी और यह आजादी का अमृत महोत्सव से संबंधित कार्यक्रमों की सीमाओं के भीतर आयोजित किए जाएंगे। इस पहल के तहत सरकार द्वारा इस देश की विभिन्न संस्कृतियों और विविधता का जश्न मनाने के लिए कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

साल 1947 में देश को आजादी मिलने के बाद हर साल 15 अगस्त को पूरे हिंदुस्तान में हर्षों उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। इस साल भारत अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। स्वतंत्रता दिवस हिंदुस्तान के लिए एक ऐसा दिन होता है, जब हर भारतीय उन जांबाज शहीदों और हस्तियों को याद करता है, जिन्हें आजादी दिलवाने में अपनी जान तक कुर्बान कर दी थीं।

### 15 अगस्त क्यों मनाया जाता है

हम सभी लोग जानते हैं कि पूरे देश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन बहुत कम लोग ही जानते हैं कि आखिर 15 अगस्त को ऐसा क्या हुआ था कि इस दिन खुशी हर तरफ खुशी का माहौल रहता है। दरअसल, 15 अगस्त 1947 को तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत से हिंदुस्तान को आजादी मिली थी। आजादी मिलने के बाद एक तारीख निर्धारित किया गया, जिस दिन पूरा देश स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाएगा। ऐसे में 15 अगस्त को भारत के लिए स्वतंत्रता दिवस के लिए चूना गया।

### आजादी 1947 में ही कैसे मिली

कहा जाता है कि अंतिम वॉयसरॉय लॉर्ड माउंटबेटन ने भारत की आजादी के लिए साल 1948 तय किया था, लेकिन कई वर्षों और महीनों के संघर्ष, कठिनाई और हर दिन खराब हो रहे परिस्थितियों को देखते हुए लॉर्ड माउंटबेटन को विवश होना पड़ा और भारत की स्वतंत्रता का दिन 1948 से 1947 करना पड़ा। ऐसे में लॉर्ड माउंटबेटन ने 15 अगस्त को आजादी का दिन चूना।

### 15 अगस्त को ही आजादी दिवस क्यों चुना गया

यह कहा जाता है कि भारत को 18 जुलाई 1947 को ही आजादी मिल गई थी, लेकिन फिर भी 15 अगस्त का दिन इसके लिए चूना गया। इसके पीछे की कहानी के बारे में कहा जाता है कि तत्कालीन और अंतिम वॉयसरॉय लॉर्ड माउंटबेटन ने जापान के द्वितीय विश्व युद्ध में समर्पण की दूसरी सालगिरह को भारत की आज़ादी का दिन चुना, क्योंकि वो इस दिन को अपने लिए शुभ मनाता था। ऐसे में 15 अगस्त को भारत के लिए आजादी दिवस के रूप में चूना गया।



### 15 अगस्त 1947 का दिन क्यों खास था

15 अगस्त 1947 हिंदुस्तान अपना पहला आजादी दिवस मना रहा था और उस दिन शुक्रवार था। कहा जाता है कि लॉर्ड माउंटबेटन के अलावा देश के कई महान ज्योतिषियों ने भी ग्रह नक्षत्रों के लिहाज से 15 अगस्त 1947 को आजादी के लिए शुभ दी माना था।

### क्या पहले 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता था

कहा जाता है कि 1930 से लेकर 1946 तक 26 जनवरी को ही स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। हालांकि, यह कहा जाता है कि 26 जनवरी को ही स्वतंत्रता कांग्रेस द्वारा मनाया जाता था। इसके बाद 1947 में बदलकर 15 अगस्त कर किया गया और संविधान बनने के बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

# देशभक्ति की इस उमड़ी हुई भावना को अब सही दिशा देने की जरूरत है

भारतीयों की देशभक्ति की भावना पूरे उफान पर है। देशभक्ति पूरी तरह नजर आ रही है। सब जगह नजर आ रही है। ऐसा होना बहुत अच्छा है। इससे हमारी एकजुटता, देश की एकता और अखंडता झलक रही है। विरोधियों के कान खड़े हो रहे हैं। उन्हें खतरा लगने लगा है किंतु जरूरत इसे अभी सही दिशा और देने की है। ये भावना, देशभक्ति का जज्बा यदि सही दिशा की ओर मुड़ जाए तो दावे के साथ कहा जा सकता है कि देश दुनिया का सिरमौर बन जाएगा। चीन हो या अमेरिका हमें धमकाने की सोच भी नहीं सकेगा। हमला करने की बात तो संभव ही नहीं होगी। चीन या अन्य कोई देश हमारी और आंख उठाकर देखने की भी हिम्मत नहीं करेगा। इस देश भक्ति की भावना की शुरुआत देश में कोरोना शुरू होने के समय से प्रारंभ हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हमने कोरोना वॉरियर के सम्मान में थाली, चिमटे, घंटे और घड़ियाल बजाए। उन पर फूलों की वर्षा की। उन्हें जगह-जगह सम्मानित किया। कुछ राजनैतिक विरोधियों और वामपंथियों ने इसका मजाक उड़ाया, किंतु उनकी आवाज कोई प्रभाव नहीं छोड़ सकी। हाल में आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा रिलीज होनी थी। इसके रिलीज होने से पहले ही देश में फिल्म का जोर-शोर से विरोध शुरू हो गया। फिल्म रिलीज हुई। इसके बॉयकॉट के विरोध का असर ये रहा कि बॉक्स आफिस पर बुरी तरह पिट गई। ग्राहकों ने सिनेमा हाल की ओर जाना भी गंवारा नहीं किया। इससे पहले विरोध करने वाले, फिल्म चलाने वाले सिनेमा घरों पर फिल्म चलाने के विरोध में प्रदर्शन करते थे। फिल्म देखने जाने वाले दर्शकों को रोकते थे। अबकी बार इसकी जरूरत ही नहीं पड़ी। दर्शक स्वयं ही सिनेमाघरों की ओर नहीं गए। इसी तरह विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स के साथ भी हुआ। आने से पहले ही इसके पक्ष में प्रचार शुरू हो गया। हालत यह हुई कि जब हमने इस फिल्म के पहली रात में टिकट बुक किए तब तक चार टिकट बुक हुए थे। अगले दिन दोपहर में जब हम फिल्म देखने गए, सिनेमा हाल की सारी सीट भरी थीं। इसके समर्थन का असर यह हुआ कि जो फिल्म नहीं देखते थे, वे भी देखने गए। परिणाम स्वरूप फिल्म ने मोटा धन कमाया। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर जनता से घर-घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा निकालने की अपील की। इस बार विरोध के लिए विरोध करने वाले कसमसा कर रह गए। कुछ भी नहीं कर सके। उन्होंने भी अपने घरों पर तिरंगा फहराया। तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। घरों पर तिरंगा फहराने के प्रति जनता में भारी जनून नजर आया। अधिकांश घरों पर तिरंगा लहराया गया। स्कूल, काँलेज ही नहीं मदरसों में भी तिरंगा फहराया गया। हिंदू ही नहीं मुस्लिम और सिख भी तिरंगा यात्रा में जोश के साथ शामिल हुए। जिस जम्मू-कश्मीर राज्य में तिरंगा फहराने की कल्पना भी किसी ने नहीं की थी, वहां भी तिरंगा फहराया गया। तिरंगा यात्रांए निकलीं। पाकिस्तान समर्थक फरार चल रहे एक आतंकवादी के पिता ने भी अपने इलाके में तिरंगा यात्रा निकाली। जनता में इस समय जो देशभक्ति की भावना उमड़ी हुई है, अब इसे सही दिशा देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से 15 अगस्त को आह्वान किया कि हमें आत्मनिर्भर बनना है। हम कब तक एनर्जी सेक्टर में किसी और पर निर्भर रहेंगे। सोलर का क्षेत्र, विंड एनर्जी का क्षेत्र, मिशन हाइड्रोजन, बायो फ्यूल की कोशिश, इलेक्ट्रिक व्हीकल पर जाने की बात हो, हमें आत्मनिर्भर बनकर इन व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाना होगा। प्रधानमंत्री का सीधा आह्वान है कि स्वदेशी को बढ़ावा दिया जाए। सब कुछ अपने यहां पैदा हो, किंतु हालात इसके विपरीत हैं। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समय से चीन भारत को हड़पने की काशिश में है। पिछले लगभग दो साल से उनकी सेना सीमा पर हमें बरबाद करने के लिए तनी खड़ी है। हमारे बड़े दुश्मन पाकिस्तान से मिलकर वह हमें घेरने में लगा है। सीमाओं पर उसकी ओर से युद्ध की बड़ी तैयारी चल रही हैं। चीन के इरादे देख दो साल पहले चीन और चीन के सामान के बॉयकॉट का नारा लगा। देशवासियों में कुछ चेतना आई। बॉयकॉट शुरू हुआ। पर लगता है कि वह सोशल मीडिया तक ही सीमित रहा। सच्चाई कुछ और है। अलग है। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से यह साफ़ तौर पर ज़ाहिर होता है कि भारत की चीन के आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021-22 में दोनों देशों के बीच क़रीब 115 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। ये पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। पिछले साल यह 86 अरब डॉलर था। यह आंकड़े यह बताने के लिए काफी हैं कि हम दिखावे के लिए बॉयकॉट करने की बात करते हैं। जबकि चीन का बना सामान हम धड़ल्ले से खरीद रहे हैं। चीन का बना सामान खरीद कर क्या हम अपने सबसे बड़े दुश्मन के हाथ मजबूत नहीं कर रहे? क्या हम दुशमन की शक्ति नहीं बढ़ा रहे? 1965 में पाकिस्तान से युद्ध के समय अमेरिका ने कहा था कि भारत युद्ध बन्द करे नहीं तो हम भारत को गेंहू भेजना बंद कर देंगे। उस समय हमारे यहां गेंहू का उत्पादन बहुत कम था। देश की जरूरत के लिए अमेरिका हमें लाल (घटिया) गेंहू बेचता था। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने उस समय देश को अमेरिका की इस चेतावनी से अवगत कराते हुए जय जवान-जय किसान का नारा दिया। किसानों से अपना उत्पादन बढ़ाने को कहा था। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि भोजन की कमी को देखते हुए देशवासी एक दिन का उपवास रखें। उस समय के जिंदा लोग आज भी उपवास रखते हैं। उनके आह्वान का परिणाम यह हुआ कि हमारा देश अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर ही नहीं हुआ, आज उसका निर्यात भी करने लगा है। आज जरूरत है चीन को सबक सिखाने की। चीन को सबक सिखाने के लिए क्या हम उसके उत्पाद का पूरी तरह बॉयकॉट नहीं कर सकते? क्या हम चीन के सस्ते माल की जगह देश का ही बना माल लेकर काम नहीं चला सकते? क्या हम यह तय नहीं कर सकतें कि हम एक समय भूखे रह लेंगे, पर चीन का बना सामान नहीं खरीदेंगे? जिस दिन हमने चीन का बना सामान नहीं खरीदने का संकल्प ले लिया। संकल्प को एक साल पूरा कर लिया तो चीन के होश ठिकाने आ जाएंगे।











# स्वतंत्रता दिवस के बारे में ये रोचक तथ्य

15 अगस्त के दिन भारत का हर नागरिक देश भक्ति में डूबा होता है। यह दिन उन स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी याद करने का है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।

### पहली बार भारत का झंडा कहा फहराया गया था?

पहली बार भारत का झंडा कलकत्ता के पारसी बागान स्क्वैर में 1906 में फहराया गया था। इस झंडे पर धार्मिक चिन्ह बने थे और आठ गुलाब थे जिनपर वंदे मातरम् लिखा था।

### भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा रेखा कब हुई?

15 अगस्त तक भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा रेखा का निर्धारण नहीं हुआ था। इसका फैसला 17 अगस्त को रेडक्लिफ लाइन की घोषणा से हुआ।

### आम जनता को कब मिली ध्वज फहराने की इजाजत?

बता दें कि साल 2002 से पहले भारत की आम जनता को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अलावा राष्ट्रीय ध्वज फहराने की इजाजत नहीं थी। इसके बाद 2002 में सुप्रीम कोर्ट ने फ्लैग कोड में बदलाव कर लोगों को कभी भी झंडा फहराने की मंजूरी दे दी।

### यदि तिरंगा फट जाता है तो क्या करें?

यदि तिरंगा फट जाता है तो इसे दफनाया जा सकता है या फिर अग्नि के हवाले किया जाता है। साथ ही दफनाने या अग्नि क्रिया करने के बाद मौन रखा जाता है।



### 15 अगस्त, 1947 को किसने ध्वज फहराया था?

हर स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय प्रधानमंत्री लाल किले से झंडा फहराते हैं। लेकिन 15 अगस्त, 1947 को ऐसा नहीं हुआ था। लोकसभा सचिवालय के एक शोध पत्र के मुताबिक नेहरू ने 16 अगस्त, 1947 को लाल किले से झंडा फहराया था।

# कार्यालय नगर पालिका मण्डल बयाना जिला भरतपुर (राज.)

क्रमांक/ स्टोर/2024/3303 दिनांक: 14/08/24

समस्त नागरिक बन्धुओं को
**स्वतंत्रता दिवस** की
हार्दिक शुभकामनायें

## अपील

1 अपने शहर को हरा-भरा व स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।
1 कपड़े या कागज से बनी हुई थैलियों का उपयोग करें।
1 पर्यावरण संरक्षण के लिये व शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु पौधारोपण अवश्य करें।
1 आम रास्तों व सरकारी सम्पत्तियों पर अतिक्रमण नहीं करें और न ही करने दें।
1 जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन अवश्य करायें।
1 वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें।
1 वर्षात के मौसम में नदी, नालों तथा पानी भराव क्षेत्रों से दूरी बनाये रखें।
1 प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ उठावें।

**जनहित में जारी**

| (विनोद कुमार अग्रवाल)<br>अध्यक्ष, नगर पालिका मण्डल<br>बयाना (भरतपुर) राज. | समस्त पार्षदगण<br>नगर पालिका मण्डल<br>बयाना (भरतपुर) राज. | (हनुमान शर्मा)<br>अधिशाषी अधिकारी<br>नगर पालिका मण्डल<br>बयाना (भरतपुर) राज. |
|---|---|---|


## जिले में उत्साह व जोश के साथ मनाया जाएगा स्वाधीनता दिवस

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिले में स्वाधीनता दिवस समारोह गुरुवार को जोश और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिले के सभी राजकीय भवनों, स्कूलों, स्वायत्तशाषी संस्थाओं, गैर सरकारी संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों पर नियमानुसार राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। पुलिस लाइन में होने वाले मुख्य समारोह में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी सवेरे 9.05 बजे ध्वजारोहण करेंगी।

एडीएम उत्तमसिंह शेखावत ने बताया कि मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के बाद जिला कलक्टर परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी लेंगी। समारोह में राज्यपाल के संदेश का पठन किया जाएगा। विद्यार्थियों एवं स्काउट-गाइड द्वारा व्यायाम प्रदर्शन किया जाएगा। शहीद वीरांगनाओं, सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा जिले में वर्षभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न व्यक्तियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, कार्मिकों को प्रशस्ति- पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह से पूर्व जिला कलक्टर द्वारा शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। मुख्य समारोह में होने वाले मार्चपास्ट में राजस्थान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड आदि की टुकड़ियां भाग लेंगी।उन्होंने समारोह के आयोजन से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## हर घर तिरंगा फहराने के लिए किया प्रेरित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( नि.स. )।** हर घर तिरंगा अभियान के उपलक्ष में बुधवार को अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट के निर्देशन मे प्रताप स्टेडियम में तिरंगा मेले का आयोजन किया गया। तिरंगा मेले में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं व अधिकारी-कर्मचारियों ने वंदे मातरम व भारत मां के जयकारे लगाते हुए तिरंगे को लहराकर हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट, राजस्व निरीक्षक मनीष गौड़, सहायक अभियंताचंद्रप्रकाश मीणा, कनिष्क अभियंता पप्पूलाल मीणा, राजप्रतापसिंह राणावत प्रधानाचार्य देवेन्द्रपाल सिंह, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी रजत बेनीवाल, कनिष्ठ अभियंता निशांक जैन, कौशल शर्मा, कमलेश बैरवा, पूनम शर्मा, सुरभि गौतम, प्रभारी कोमल सैनी सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### Gram Panchayat Dharmshala Panchayat samiti piprali (Sikar)

NO.: Eproc./42 Date:12.08.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bids for rate contact for supply of construction material for **MGNREGA** and other scheme in Gram Panchayat DHARMSHALA for the year 2024-25 are invited from interested bidders up to 22. 08.2024 time 6:00 p.m. other particulars of the bid maybe visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in)or http://eproc.rajasthan.gov.in/ of the states.

UBN: PIV2425GLRC00061

| Sarpanch<br>Gram Panchayat<br>Dharmshala | Village Development Officer<br>Gram Panchayat<br>Dharmshala |
|---|---|

### Gram Panchayat Rajpura Panchayat samiti piprali (Sikar)

NO.: Eproc./2024-25/31 Date:08.08.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bids For Construction Of Ambedkar Bhawan Gram Panchayat Rajpura Are Invited From Interested Bidders up to 6:00 PM of 21.08.2024 Other Particulars Of The Bid May Be Visited On The ProcurementPortals(http://eproc.rajasthan.gov.in/ http://sppp.raj.nic.in) of the states.

UBN: PIV2425WSOB00042

| Sarpanch<br>Gram Panchayat Rajpura | Village Development Officer<br>Gram Panchayat Rajpura |
|---|---|


# कार्यालय पंचायत समिति सैंपऊ (धौलपुर)

78वां स्वतंत्रता दिवस

घर-घर तिरंगा
हर घर तिरंगा अभियान


## अपील

- कचरा पात्र का उपयोग सुनिश्चित करें।
- खुले में शौच न जावें।
- प्लास्टिक थैलियों का उपयोग नहीं करें।
- कागज/कपड़े/जूट की थैलियों का उपयोग करें।

केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाऐं


| तुलसीराम कुशवाह<br>प्रधान, पं.स. सैंपऊ | रामदयाल<br>विकास अधिकारी, पं.स. सैंपऊ |
|---|---|


S R CARS
Sale/ Purchase/ Exchange/
Finace all types of Luxury
Cars, SUV & Jeep
ASHOK JANGID
Phone:9829012608 , 9828020016
Email:ashok.20016@gmail.com
http://www.srcarsjaipur.com
Near Airport Flyover, Tonk Road,
sanganer, jaipur


VARDHAMAN
DENTAL HOSPITAL
Dr. Amit Kant Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9829422290
Dr. Meha Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9983039253
Medical History : • Asthema • Hypertension • Diabeties
• Pregnancy/Breast Feeding • Hospitalization/Surgery • Drug Allergy
Dental Laser
Digital X-ray(RVG)
Fix Braces
Zirconia Crowns
• 71/44 Opp. Kala Color Lab, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur
• 114/415 Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur



स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं


Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers
SONY
DITREK
Pioneer
AUTOCOP
M-TEK
JVC
Xplod
JBL
PLATI
Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur


SBI
भारतीय स्टेट बैंक जयपुर मंडल की ओर से
सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
अब पाएँ ज्यादा रिटर्न
अधिक ब्याज दर के साथ
पेश है
एसबीआई अमृत वृष्टि जमा योजना
अवधि: 444 दिन
7.25% प्रति वर्ष
एनआरआई सहित सभी ग्राहकों के लिए
7.75% प्रति वर्ष
केवल निवासी वरिष्ठ नागरिकों के लिए
31 मार्च 2025 तक वैध


श्री त्र्यबकेश्वरायनमः
श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर के पुरोहित
श्री. उमेश यशवंत शिखरे
चि. श्रीहरी उमेश शिखरे
मातृ पितृ छाया, गाडगे महाराज धर्मशाला के सामने
पाटील गल्ली, त्र्यंबकेश्वर, जि. नासिक
हमारे यहां कालसर्प शांति,
नारायण-नागबली, त्रिपिंडी श्राद्ध
अभिषेक, लघुरुद्र, जप अनुष्ठान
ई. सभी और त्र्यंबकेश्वर में होने
वाले सभी धार्मिक किये जाते है।
बारा ज्योतिर्लिंगोमेसे सबसे बड़ा त्र्यंबकेश्वर है।
यहीपे कुंभ का मेला लगता है। गोदावरी नदी का उगमस्थान,
ब्रह्मगिरी, गंगाद्वार, निलपर्वत, निवृत्तीनाथ महाराज समाधी,
कुशावर्त तीर्थ आदि धार्मिक स्थल दर्शनिय है।


MP BIRLA GROUP
MP BIRLA CEMENT
सीमेंट से घर तक
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चेतक
PERFECT PLUS
Expert Advice: 1800 123 1117 | 98315 19191
www.mpbirlacement.com


WONDER CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA
RK GROUP
Jab Azadi ka jashn
Bharat manayega
Dekhna, Farq Nazar Aayega
HAPPY INDEPENDENCE DAY
1800 313131
wondercement.com


कार्यालय उपवन सरंक्षक,चूरू
क्रमांक: 6820
दिनांक: 12.08.2024
श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री
वृक्षारोपण
महाअभियान
2024
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
हरियाली का सृजन, हर घर वृक्षारोपण
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित
राजस्थान सरकार का पर्यावरण संरक्षण के प्रति ऐतिहासिक कदम
वृक्षारोपण महाअभियान 2024
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
- इस स्वतंत्रता दिवस पर संकल्प लेकर
अधिक से अधिक पेड़ लगायें।
- पर्यावरण क्षेत्र, जल संरक्षण,वृक्ष सरंक्षण
के क्षेत्र में कार्य करें।
- घरों में उपयोग लिए गए पानी को पेड़-
पौधों में डालने की व्यवस्था करें।
निवेदक: वन विभाग,चूरू

# SAI TIRUPATI UNIVERSITY, UDAIPUR

(Approved under Section 2(f) of UGC Act 1956)

Web: www.saitirupatiuniversity.ac.in | Email: info@saitirupatiuniversity.ac.in

# ADMISSION OPEN 2024-25

## PIMS PACIFIC INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

• M.B.B.S. • MD/MS • M.Sc. in Medical Sciences | Contact : 95878 90081, 95878 90096

### PIMS VENKTESHWAR INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCES
(Approved by RPMC) 9257016003, 9587890142

• Diploma
Radiation Technology, Operation Theater Technology, Medical Laboratory, Technology, ECG Technology, Cath Lab Technology, Dialysis Technology, Blood Bank Technology, Endoscopy Technology, EEG Technology, Ophthalmic Technology

• B.Sc.
Medical Lab Technology, Ophthalmic Technology, Radio Imaging Technology

### PIMS VENKATESHWAR INSTITUTE OF PHARMACY
(Approved by PCI) 9257016004, 9587890082

• D. Pharm • B. Pharm

### PIMS VENKTESHWAR COLLEGE OF PHYSIOTHERAPY
9257016002, 958789082

• B.P.T. • M.P.T.

### PIMS RESEARCH PROGRAM
9587890082, 9358883194

• Ph.D. (Nursing) • Ph.D. (Anatomy)
• Ph.D. (Bio-Chemistry) • Ph.D. (Microbiology)
• Ph.D. (Pharmacology) • Ph.D. (Physiology)
• Ph.D (Management) • Ph.D (Physiotherapy)

### PIMS VENKTESHWAR SCHOOL/COLLEGE OF NURSING
9587890082, 9257016001

• G.N.M. • B.Sc. (Nursing)
• M.Sc. Nursing
Child Health, Mental Health, Community Health, Midwifery and Obstetrical, Medical Surgical

### PIMS VIFT & MASS COMMUNICATION
9588936922, 9672978017

• B.Voc/B.Des • M.Voc/M.Des
• BA-JMC • MA-JMC • Diploma/Advance Diploma

### PIMS VENKTESHWAR INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES
9672978017, 9672978038

• BBA (International Business)
• MBA (Hospital Administration & Health Care Management)

### PIMS INSTITUTE OF COMPUTER APPLICATIONS
9672978017, 9587890063

• B.C.A

### PIMS PACIFIC DENTAL COLLEGE & HOSPITAL
(Recognised by DCI) 9116132834

• B.D.S • M.D.S



## ADMISSION HELPLINE : 9587890082, 9358883194

PIMS HOSPITAL UMARDA

## PIMS HOSPITAL, UMARDA, UDAIPUR

Emergency : 0294-3510000

EMAIL : INFO@PACIFICMEDICALSCIENCES.AC.IN |
WEB : WWW.PACIFICMEDICALSCIENCES.AC.IN |
UMARDA RAILWAY STATION ROAD, UDAIPUR (RAJ.)



हर पल परिवार जैसा ख़याल !

think ... GBH First

दक्षिणी राजस्थान का **पहला NABH**
मान्यता प्राप्त कॉर्पोरेट हॉस्पिटल

बेहतर इलाज और विश्वास के 19 साल

अब तक 13 😊😊😊😊😊 से अधिक मरीजों का सफल उपचार


विश्वसनीय सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं


- कार्डियोलॉजी
- कार्डियोथोरेसिक सर्जरी
- न्यूरोलॉजी
- न्यूरो सर्जरी
- नेफ्रोलॉजी
- यूरोलॉजी
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
- एंडोक्राइनोलॉजी
- ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- लेप्रोस्कोपिक और बेरियाट्रिक सर्जरी
- बर्न और प्लास्टिक सर्जरी

24/7 Services • डायलिसिस • रेडियोडायग्नोस्टिक्स • लेबोरेटरी • ब्लड सेन्टर* • फार्मेसी • एम्बुलेन्स

RGHS | ESIC | NWR | RSMM | SBI | TPA व इंश्योरेंस में कैशलेस इलाज

*शर्तें लागू



इमरजेन्सी हेल्पलाईन 9352304050

**जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल**
भट्ट जी की बाड़ी, उदयपुर
Ph.0294-3535000
contact@gbhamerican.com
www.gbhamericanhospital.com

GMCH GEETANJALI HOSPITAL HEALTH IS HAPPINESS

HOSPITAL | LABORATORY | BLOOD BANK | EMERGENCY



जब बात हो **मस्तिष्क** की तो समझौता ना करें, भरोसा करें सिर्फ अनुभवी **विशेषज्ञों** पर!!

**न्यूरो विशिष्ट सुविधायें**

- 30 बेडेड न्यूरो समर्पित आई.सी.यू.
- 3.0 टेस्ला एम.आर.आई. एवं 256 सी.टी. स्कैन
- न्यूरो नेविगेशन
- हाईएंड एडवांस माइक्रोस्कोप
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर
- एक मात्र NAT टेस्टेड ब्लड सेन्टर

**गीतांजली एडवांस्ड न्यूरोसाइंस सेंटर के एक्सपर्टस की टीम**

**न्यूरोलॉजिस्ट**
- डॉ. अनीस जुक्करवाला
- डॉ. रेणु खमेसरा
- डॉ. विनोद मेहता
- डॉ. निशान्त अश्वनी

**ब्रेन व स्पाइन सर्जन**
- डॉ. गोविन्द मंगल
- डॉ. गौरव गुप्ता

**न्यूरो वैस्कुलर इन्टरवेंशनल रेडियोलोजिस्ट**
- डॉ. सीताराम बारठ

**न्यूरो एनेस्थेटिस्ट एवं इन्टेंसिविस्ट**
- डॉ. नीलेश भटनागर
- डॉ. आशीष पटियाल
- डॉ. रामविलास मीणा

**आई.सी.यू. इन्टेंसिविस्ट**
- डॉ. शुभकरन शर्मा
- डॉ. संजय पालीवाल
- डॉ. प्रमोद सूद
- डॉ. सैयद जावेद

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
सभी सरकारी, निजी, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत।

**गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर (राज.)**
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास
+91 294 2500044

